स्वतंत्र मत
जबलपुर

बुधवार 09 सितंबर 2026



# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

## हर आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर समय-सीमा में दें राहत

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित हुई। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों से कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों की जांच कर नियमानुसार समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण के निर्देश दिए।




जनसुनवाई में विकासखंड समनापुर की ग्राम पंचायत फिटारी के पोषक ग्राम रंजरा के ग्रामीणों ने गांव के सभी मोहल्लों में पाइपलाइन बिछाकर नल-जल योजना का लाभ दिलाने की मांग रखी। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

ग्राम मानिकपुर निवासी लीला बाई ने पैतृक संपत्ति के फौती नामांतरण को लेकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि पिता की मृत्यु के बाद उनकी जानकारी के बिना फौती नामांतरण किया गया। कलेक्टर ने एसडीएम को मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 4 निवासी कौशिल्या कांस्कार ने पट्टे की भूमि पर बने मकान पर जबरन कब्जा किए जाने की शिकायत की।

कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद डिंडौरी को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। मेंहदवानी विकासखंड के भर्रा टोला आंगनवाड़ी केंद्र में सहायिका का पद रिक्त होने पर आवेदिका कविता बाई मरावी ने नियुक्ति की मांग की। कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना है। प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए, ताकि नागरिकों को समय पर राहत मिल सके।

जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, अपर कलेक्टर जेपी यादव, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जनसुनवाई में स्वास्थ्य शिविर भी लगा जनसुनवाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पहुंचे आवेदकों का रक्तचाप, मधुमेह सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच के साथ नागरिकों को आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी।

# आपदा मित्रों को सिखाए सड़क सुरक्षा के गुर, रोप रेस्क्यू का भी कराया अभ्यास

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** होमगार्ड कार्यालय में युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण के छठवें दिन सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों और आपदा के दौरान राहत-बचाव कार्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह विभाग एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण में यातायात प्रभारी सुभाष उइके ने आपदा मित्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी।



## हिट एंड रन में घायल को 50 हजार और मृतक के परिजनों को 2 लाख की सहायता की जानकारी

उन्होंने हिट एंड रन मोटर दुर्घटना प्रतिकार योजना-2022 के तहत गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रुपये तथा मृत्यु होने की स्थिति में 2 लाख रुपये की सहायता राशि के प्रावधान की जानकारी दी। वहीं राहवीर योजना के तहत सड़क दुर्घटना के पीड़ित को गोल्डन अवधि में अस्पताल पहुंचाकर जान बचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि और प्रशंसा प्रमाण-पत्र दिए जाने के बारे में भी बताया।

आपदा मित्रों को हेलमेट का अनिवार्य उपयोग, मोटरसाइकिल पर दो से अधिक व्यक्तियों के नहीं बैठने, वाहन के जरूरी दस्तावेज साथ रखने, बिना लाइसेंस वाहन नहीं चलाने तथा नाबालिगों को वाहन चलाने से रोकने सहित अन्य यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई।

हाईराइज भवन से सुरक्षित निकालने का मॉक ड्रिल प्रशिक्षण के दौरान भूकंप, आगजनी, आतंकी हमले अथवा अन्य आपदाओं में हाईराइज भवनों में फंसे लोगों को रोप रेस्क्यू के जरिए सुरक्षित बाहर निकालने का मॉक ड्रिल कराया गया। आपदा मित्रों को आपात स्थिति में रस्सियों एवं अन्य उपकरणों के उपयोग की जानकारी देते हुए बचाव कार्य का अभ्यास कराया गया। नगर पालिका की फायर टीम ने अस्पताल, शासकीय भवन, स्कूल-कॉलेज सहित बड़े भवनों में आग लगने की स्थिति में की जाने वाली कार्रवाई और फायर टीम की भूमिका से अवगत कराया।

साथ ही आपदा मित्रों को फायर ब्रिगेड टीम के साथ समन्वय स्थापित कर राहत एवं बचाव कार्य करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

# आठ जलाशयों का निरीक्षण, सुरक्षा और सिंचाई व्यवस्था की हुई समीक्षा

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** जिले में जलाशयों की सुरक्षा और सिंचाई व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से मुख्य अभियंता, गंगा कछार जल संसाधन विभाग रीवा श्री वी.के. मंडलोई ने 06 सितंबर को विभिन्न सिंचाई योजनाओं एवं जलाशयों का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रहंगी, रैयपुरा, बरगाटोला, अमरपुर, भगनवारा, मोहदा, चटुवा एवं सुरसाटोला सहित आठ जलाशयों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता ने जलाशयों में जलभराव, जल निकासी व्यवस्था, नहर तंत्र तथा किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सिंचाई सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने जल संग्रहण क्षमता, वर्तमान जल उपलब्धता, नहरों के संचालन एवं संधारण तथा आवश्यक मरम्मत कार्यों की भी समीक्षा की।

बांध सुरक्षा पर विशेष फोकस

मुख्य अभियंता ने बांध सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्पिलवे, गेट, होइस्टिंग व्यवस्था, जल निकासी संरचनाओं, अपस्ट्रीम-डाउनस्ट्रीम क्षेत्र, बांध की ढाल एवं नालियों का नियमित निरीक्षण और आवश्यक संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्षा एवं अधिक जलभराव की स्थिति में जलाशयों की सतत निगरानी रखने तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए चेतावनी एवं सायरन प्रणाली, जल निकासी व्यवस्था और त्वरित सूचना तंत्र को प्रभावी बनाए रखने पर जोर दिया। मुख्य अभियंता ने पूर्व-मानसून एवं पश्चात-मानसून सुरक्षा परीक्षण तथा आवश्यक संधारण कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों और मैदानी अमले से जलाशयों की सुरक्षा, जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन तथा किसानों को निर्बाध सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर निगरानी एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा।

## मुख्य अभियंता जल संसाधन ने बांधों का किया निरीक्षण

शहडोल।

जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता श्री यू. एस. परते द्वारा राष्ट्रीय बांध सुरक्षा अधिनियम 2021 अंतर्गत विनिर्दिष्ट बांध मेहरो एवं बरगवां-18 बांध का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बांधों की सुरक्षा, जल भराव की स्थिति, जल निकासी व्यवस्था तथा रखरखाव कार्यों का विस्तृत जायजा लिया गया। मुख्य अभियंता श्री परते ने संबंधित अधिकारियों से बांधों की वर्तमान स्थिति एवं संचालन व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की तथा मौके पर बांध संरचना, जल निकासी व्यवस्था एवं नहर प्रणाली का निरीक्षण किया।

# जिले के सभी 14 थानों में शुरू हुई साइबर डेस्क

**अब साइबर अपराध की शिकायत के लिए जिला मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं**

**नजदीकी थाने में ही मिलेगी पुलिस सहायता**

शहडोल।



जिले में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर ठगी से पीड़ित नागरिकों को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के सभी 14 थानों में साइबर डेस्क की शुरुआत की गई है। साइबर डेस्क के माध्यम से नागरिक अपने नजदीकी थाने में ही साइबर अपराध एवं ऑनलाइन ठगी से संबंधित शिकायत दर्ज कराकर आवश्यक पुलिस सहायता प्राप्त कर सकेंगे। पुलिस अधीक्षक शहडोल डॉ. संजय अग्रवाल ने बुढार थाने में फीता काटकर साइबर डेस्क का शुभारंभ किया। इस पहल से साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों के लिए नागरिकों को जिला मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी। संबंधित थाना स्तर पर ही शिकायत प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।साइबर डेस्क के माध्यम से ऑनलाइन ठगी, साइबर धोखाधड़ी, सोशल मीडिया से संबंधित अपराध एवं अन्य साइबर अपराधों की शिकायतों पर प्राथमिक स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इससे साइबर अपराधों की सूचना पुलिस तक शीघ्र पहुंचने के साथ ही पीड़ितों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। पुलिस विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि साइबर ठगी का शिकार होने पर घबराएं नहीं और तत्काल नजदीकी पुलिस थाने में सूचना दें।

साथ ही ऑनलाइन लेन-देन करते समय सतर्कता बरतें और किसी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक संबंधी जानकारी अथवा अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें। जिले के सभी थानों में साइबर डेस्क की शुरुआत से साइबर अपराधों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई को थाना स्तर तक और अधिक प्रभावी बनाने तथा आमजन को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

# प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सर्किट हाउस में ली समीक्षा बैठक

## विकास और कानून व्यवस्था पर दिए निर्देश



सतना स्वतंत्र मत।

मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सोमवार देर शाम सर्किट हाउस सतना में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली।

बैठक में सतना सांसद गणेश सिंह, चित्रकूट विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार महापौर योगेश ताम्रकार, नगर निगम स्पीकर राजेश चतुर्वेदी भाजपा जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, नगर निगम आयुक्त डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने शहर में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने नगर निगम के तहत संचालित अमृत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना स्वच्छ भारत मिशन सड़क नाली जल प्रदाय और सीवरेज से जुड़े कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरे किए जाएं, ताकि जनता को उसका सीधा लाभ मिल सके।

प्रभारी मंत्री विजयवर्गीय ने कानून व्यवस्था की स्थिति पर भी चर्चा की और पुलिस अधीक्षक को अपराधों पर नियंत्रण और शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि विकास के साथ-साथ आम नागरिक सुरक्षित महसूस करे।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी फीडबैक लिया और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि सतना के सर्वांगीण विकास के लिए शासन स्तर पर कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। शहर की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने और सतना को स्वच्छ, सुंदर और विकसित शहर बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।

# सिंहपुर में हिस्ट्रीसीटर की धारदार हथियार से हत्या



## अहरी में मिला शव

**सतना।** जिले के सिंहपुर थाना अंतर्गत हिस्ट्रीसीटर राहुल सिंह टीकर की धारदार हथियार से हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार राहुल सिंह टीकर का शव अहरी गांव में मिला है। शरीर पर धारदार हथियार के कई निशान मिले हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसकी बेरहमी से हत्या की गई है। घटना की सूचना मिलते ही सिंहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। हत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## जनसुनवाई में जिले भर से आए 147 आवेदकों की सुनी गई समस्याएं

**शहडोल।** सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति एवं अपर कलेक्टर मिनिषा पाण्डेय द्वारा कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में जिले भर से आए 147 आवेदकों की जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में वार्ड क्रमांक 16/21 बुढ़ार रोड शहडोल निवासी प्रमोद कुमार पटेल ने पिता स्वर्गीय श्री अच्छेलाल पटेल सहायक ग्रेड-2 की मृत्य पश्चात अनुकंपा दिलाने, ग्राम आमडीह, तहसील जयसिंहनगर निवासी दिव्या बैगा ने प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी किस्त दिलाने, ग्राम पंचायत मिठौरी निवासी रणजीत सिंह ने आवास प्लस में नाम जुड़वाने, ग्राम खैरहा तहसील बुढ़ार निवासी मुमताज बी ने अनुकंपा नियुक्ति में विलंब करने की शिकायत, आदर्श ग्राम पंचायत जमगांव तहसील जैतपुर निवासी पूरन लाल चौधरी ने ग्राम पंचायत जमगांव के वार्ड नं. 01 में विद्युतीकरण करने, ग्राम मड़उडोल छतैनी तहसील जयसिंहनगर निवासी मीरा पनिका ने अपने पिता धानू पनिका का इलाज कराने हेतु आर्थिक सहायता राशि की मांग हेतु आवेदन दिया है।

# कामधेनु स्वीट्स पर खाद्य विभाग की छापेमारी

## शिकायत के बाद डोडा बर्फी का सैंपल लैब भेजा





सतना।

शहर के सिविल लाइन चौराहे पर स्थित कामधेनु स्वीट्स से खरीदी गई डोडा बर्फी को लेकर उपभोक्ता की शिकायत पर खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार उपभोक्ता ने 4 सितंबर को प्रतिष्ठान से 560 रुपये की डोडा बर्फी खरीदी थी जिसकी गुणवत्ता को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के त्वरित निवारण हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक बिहारी गौर एवं सीमा पटेल के संयुक्त दल ने आज प्रतिष्ठान का औचक स्थल निरीक्षण किया।

मिठाई की गुणवत्ता की तथ्यात्मक पुष्टि के लिए खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम (स्नस्स्ड्ढ्र ्रष्ह्ल) के तहत मौके से डोडा बर्फी का नमूना संग्रहित किया गया। इस सैंपल को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### सतना में मिठाइयों की दुकानों में मिलावट

सतना में इन दोनों त्योहारों को लेकर मिठाई की दुकानों में मिलावट खोरी की संख्या दिल पर दिन बढ़ती जा रही है शहर के अंदर दर्जनों ऐसी मिठाई की दुकानें हैं जहां मिलावट कर मिठाइयों को भेजी जा रही है कई ऐसे मामले सामने पूर्व में आ चुके हैं शिकायतों के बाद विभागीय कार्यवाही तो चलती है लेकिन कुछ दिनों बाद ठंडे बस्ते पर चली जाती है। हमारे भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि सैंपल तो विभागीय अधिकारी उठते हैं लेकिन यह सैंपल जब जांच के लिए जाता है तो वहां भी दुकानदार अपनी पहुंच बाताकर बच निकलते हैं।

# उल्लास अक्षर ज्ञान से आत्मनिर्भरता की ओर नवसाक्षर

**जिले में उत्साहपूर्वक से मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस**

**आयोजित किये गये साक्षरता नृत्य नाटिका एवं साक्षरता रैली**

**शहडोल।** भारत सरकार के निर्देशानुसार वर्तमान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुसार प्रदेष को शत प्रतिषत साक्षर करने हेतु उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम जन जन साक्षर की भावना से वर्ष 2022 से 2027 तक के लिए संचालित किया जा रहा है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल से जिले को 183427 असाक्षरों को साक्षर करने का लक्ष्य उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत दिया गया है। जिले में भारत सरकार द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर 01 सितम्बर 2026 से 14 सितम्बर 2025 तक साक्षरता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्री मुद्रिका सिंह संयुक्त आयुक्त आयुक्त कार्यालय शहडोल संभाग शहडोल द्वारा हरी झण्डी दिखाकर साक्षरता रैली को रवाना किया गया। जो कलेक्टर आवास के समीप बनी साक्षरता की प्रतिमा में मल्यार्पण कर प्रारंभ होकर जिले के प्रमुख मार्गो से गुजरती हुई कार्यक्रम स्थल शास0 कन्या उ0मा0वि0 (आजाक)शहडोल में समपन हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मुद्रिका सिंह संयुक्त आयुक्त आयुक्त कार्यालय शहडोल संभाग शहडोल के द्वारा माॅ सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्वालित कर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में जिला साक्षरता अधिकारी श्रीमती सावित्री सोनी द्वारा बताया गया कि सर्वप्रथम यूनेस्को द्वारा 17 सितम्बर 1965 मं साक्षरता के महत्व को देखते हुये साक्षरता दिवस मनाने का निर्णय लिया गया और 08 सितम्बर 1966 को प्रथम साक्षरता दिवस मनाया गया। वर्ष 2009-10 को संयुक्त राष्ट संघ ने साक्षरता दशक घोषित किया गया। तब से लगातार पूरे विश्व में साक्षरता दिवस मनाया जाता है। यूनेस्को के



अनुसार साक्षरता पढ़ने लिखने और समझने के साथ गणना करने की क्षमता है। साथ ही डिजिटल साक्षरता,वित्तीय साक्षरता आदि जैसे कौशल विकास के साथ पहचानने,समझने, व्याख्या करने और बनाने की क्षमता ही साक्षरता है। जिले में साक्षरता को बढ़ाने हेतु उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित कराया जा रहा हैं जो कि पूर्णत: स्वयं सेवी भावना पर आधारित हैं समस्त विकासखण्डों के प्राथ0/माध्य0 विद्यालयों में सामाजिक चेतना केन्द्रों साक्षता कक्षाओं का संचालन,असाक्षरों की सुविधा अनुसार अक्षरसाथी स्वयं सेवक द्वारा कराया जाता हैं। जिसमें 15 वर्ष के उपर के ऐसे असाक्षर शामिल किये जाते है। जो कि किसी कारणवश स्कूल न गये हो, अथवा जिनके पास पढ़े लिखे होने का कोई वैद्य प्रमाण पत्र न हो। ऐसे नवसाक्षरों को अक्षर साथी के माध्यम से साक्षर कर वर्ष में होनेवाली दो परीक्षाओं में शामिल कराया जाता है। सभी कुछ आन लाईन है तथा छप्स्च् एप्प में पंजीयन कराया गया हैं।जिले में 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य षिक्षा केन्द्र भोपाल 183427 असाक्षरों को साक्षर करने का लक्ष्य दिया गया है।जिले में अब तक आयोजित 08 परीक्षाओं में कुल 132149 नवसाक्षर सफल हो चुके है। जो लक्ष्य का 80 प्रतिशत है अब मात्र 20 प्रतिशत लक्ष्य शेष हैं , जिसमें कुल 50281 शेष असाक्षर रह गये है। जिन्हे अगामी दो परीक्षाओं में सितम्बर 2026 एवं मार्च 2027 में शामिल कराया जायेगा। एवं पूर्ण साक्षर जिला बनाने में प्रयासरत रहेगे। आगामी सितम्बर 2026 की परीक्षा में लगभग 30000 नवसाक्षरों को परीक्षा में शामिल कराया जायेगा। कार्यक्रम में जिला साक्षरता अधिकारी द्वारा सभी को साक्षरता शपथ दिलायी गई।छात्राओं द्वारा आकर्षक साक्षरता नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुद्रिका सिंह जी, उषा यादव संभागीय अधिकारी राज्य संगठन आयुक्त स्काउट गाईड, डॉ एस.नन्दन श्रीवास्तव जिला स्काउट प्रभारी, विवेक पाण्डेय जिला सम0 जन अभयान परिषद, लक्ष्मीकांत द्विवेदी बीआरसी गोहपारू, स्मिता पाण्डेय व्याख्याता डाईट शहडोल, सुधा पटेल तथा राजेश सिंह परिहार प्राचार्य,शास0कन्या उ0मा0वि0 शहडोल, ए0पी सिंह प्राचार्य, अनिल सिंह विकासखण्ड सह समन्वयक सोहागपुर, परमानंद यादव विकासखण्ड सह समन्वयक गोहपारू,श्री मनीष मिश्रा सहा0ग्रेड-3 उपस्थित रहे। जिला साक्षरता अधिकारी श्रीमती सावित्री सोनी द्वारा उपस्थित विभिन्न प्रतियोगितायों के चयनित छात्रों को एवं उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रममें उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# लखनादौन पुलिस की तत्परता से लाखों के जेवरात से भरा बैग सकुशल बरामद

## बस स्टैंड से गुम हुआ बैग सीसीटीवी एवं त्वरित पुलिस कार्रवाई से खोज निकाला

लगभग 08 से 10 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण सहित बैग बरामद



**सिवनी। स्वतंत्र मत।** पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्णा लालचंदानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी के नेतृत्व में थाना लखनादौन पुलिस ने बस से गुम हुए लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषणों से भरे बैग को सकुशल बरामद कर पीड़िता को सुपुर्द करने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 06.09.2026 को अमन विश्वकर्मा, हमराह पत्नी श्रीमती अर्चना विश्वकर्मा, निवासी जबलपुर द्वारा थाना लखनादौन में आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि वे अरी रोडवेज बस से जबलपुर से सिवनी की यात्रा कर रहे थे। लखनादौन बस स्टैंड पर उतरने के दौरान उनका लाल रंग का बैग गुम हो गया, जिसमें सोने का हार, सोने के दो कंगन, सोने की झुमकी, चांदी का करधन, चांदी की पायजेब एवं चांदी की बिछिया सहित कपड़े एवं अन्य सामान रखा हुआ था। पुलिस की त्वरित कार्यवाही

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना लखनादौन पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए लखनादौन बस स्टैंड एवं आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए।

सीसीटीवी फुटेज में एक महिला एवं एक पुरुष उक्त प्रकार का बैग ले जाते हुए दिखाई दिए। पुलिस द्वारा तत्काल अरी रोडवेज बस से संपर्क कर बस की जांच कराई गई, जिसमें लाल रंग का एक अन्य बैग प्राप्त हुआ। उक्त बैग के संबंध में थाना कोतवाली से भी तस्दीक कराई गई, किंतु बैग में पहचान संबंधी कोई दस्तावेज प्राप्त नहीं हुआ।

### बैग की सकुशल बरामदगी

थाना लखनादौन पुलिस द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासों के परिणामस्वरूप दिनांक 07.09.2026 को प्रातः लगभग 10 बजे श्रीमती रजनी पति संजय विश्वकर्मा, निवासी शारदा चौक, जबलपुर एवं उनके भाई मोहन पिता दामोदर विश्वकर्मा, निवासी डुंडवारा, थाना मुंगवानी द्वारा एक बैग थाना लखनादौन में लाकर प्रस्तुत किया गया। पुलिस द्वारा बैग की तस्दीक एवं आवश्यक पहचान की कार्यवाही करने पर उक्त बैग श्रीमती अर्चना विश्वकर्मा का होना पाया गया। बैग के अंदर रखे सोने-चांदी के आभूषण, कपड़े एवं अन्य सामान सही-सलामत पाए गए। थाना लखनादौन पुलिस की त्वरित एवं तत्पर कार्रवाई से लगभग 08 से 10 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण एवं अन्य सामान सहित गुम हुआ बैग सकुशल बरामद कर श्रीमती अर्चना विश्वकर्मा को सुपुर्द किया गया।

### सराहनीय कार्य

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौनअपूर्व भलावी, उनि श्रीमती श्रोती शर्मा, श्रीमती बबिता सेन, आरक्षक लकेश पटले एवं आरक्षक सूरज मेहरा की सराहनीय भूमिका रही।



## राज्य स्तरीय शालेय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए बरघाट की शिवांशी एवं अश्लेषा का चयन

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** बरघाट (सिवनी)। नगर के पीएम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरघाट की दो प्रतिभावान छात्राओं ने खेल जगत में विद्यालय एवं नगर का नाम रोशन किया है।

विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा कु. शिवांशी गोमासे एवं कु. अश्लेषा मात्रे का चयन राज्य स्तरीय शालेय कुश्ती प्रतियोगिता हेतु जबलपुर संभागीय टीम में हुआ है। पीएम श्री स्कूल के खेल शिक्षक आशीष दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिनों जबलपुर में संभागीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की दोनों छात्राओं ने उत्कृष्ट खेल कौशल एवं तकनीकी दांव-पेंच का प्रदर्शन करते हुए चयनकर्ताओं को प्रभावित किया।

# स्वस्थ युवा, सशक्त भारत के मंत्र से मजबूत होगा देश



**सिवनी। स्वतंत्र मत।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सिवनी में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में युवा विद्यार्थियों का उत्साह देखने को मिला. शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. सविता मसीह ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन-शैली अपनाने की प्रेरणादायी व्याख्यान दिया। शिविर में नेत्र चिकित्सा सहायक दिलीप यादव ने विद्यार्थियों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया. इस दौरान सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ आंखों, दांतों एवं ब्लड शुगर की जांच की गई. स्वस्थ यकृत मिशन के तहत विद्यार्थियों की ऊंचाई, वजन और कमर का मापन कर बीएमआई का आकलन किया गया. कम वजन वाले विद्यार्थियों को पोषक आहार लेने की सलाह दी गई, वहीं अधिक वजन वाले विद्यार्थियों को नियमित व्यायाम और फास्ट फूड से दूरी बनाने का सुझाव दिया. डॉ देव डहेरिया ने विद्यार्थियों की एनीमिया स्क्रीनिंग की।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी कमलेश टेंभरे ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ तन और स्वस्थ मन ही जीवन को उमंग और उत्साह से भरते हैं. संतुलित दिनचर्या अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली की ओर अग्रसर होने का संदेश देते हुए कहा कि स्वस्थ युवा, सशक्त भारत के मंत्र से ही भारत विकसित राष्ट्र बन सकता है. युवा छात्र छात्राओं ने उमंग हेल्थ वेलनेस के कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें स्वयं के और परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य अच्छा रखने में काफी मदद मिल रही है।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आभा आईडी बनाने की प्रक्रिया भी बताई गई, जिसमें शिविर के दौरान लगभग 200 विद्यार्थियों की आईडी तैयार की गई. जया और अंजलि की टीम ने छात्र-छात्राओं के आभा कार्ड तैयार किये।

नेत्र विशेषज्ञ डॉ. दिलीप यादव ने आंखों की जांच के साथ स्क्रीन टाइम कम करने की सलाह दी, वहीं मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता मानसी पलागर ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाया. सपना श्रीवास और जयश्री की टीम ने भी छात्र-छात्राओं की जांच की और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य के टिप्स बताए. जिला चिकित्सालय की जनरल फिजिशियन डॉक्टर मयूरी अवधिया ने युवा छात्र-छात्राओं की सामान्य जांच की।

शिविर के दौरान जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पाण्डेय सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं अतिथि उपस्थित रहे. सभी ने स्वास्थ्य दल का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों से शिविर का अधिकतम लाभ लेने की अपील की. शिविर के दौरान लगभग 400 युवा छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण संपन्न हुआ।

# 1.5 किमी कच्चे मार्ग को पक्का कराने की मांग, जागरूक नागरिकों ने विधायक से भेंट कर सौंपा ज्ञापन



**सिवनी। स्वतंत्र मत।** ग्राम हिवरा से सरगापुर होते हुए ढेंकी को जोड़ने वाले करीब 1.5 किलोमीटर कच्चे मार्ग को पक्का कराने की मांग को लेकर हिवरा के जागरूक नागरिक रामकुमार बघेल सहित अन्य ग्रामीणों एवं किसानों ने विधायक को आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग हिवरा एवं सरगापुर सहित आसपास के किसानों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है।

सड़क के दोनों ओर खेत होने से किसानों को ट्रैक्टर, थ्रेसर एवं अन्य कृषि उपकरण खेतों तक ले जाने के लिए इसी मार्ग का उपयोग करना पड़ता है।

वर्तमान में सड़क पूरी तरह कच्ची होने के कारण बारिश के दिनों में कीचड़ और गहरे गड्ढों से आवागमन बेहद कठिन हो जाता है। किसानों को फसल खेत से घर अथवा मंडी तक लाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

वहीं ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों का आवागमन भी प्रभावित होता है। ग्रामीणों ने विधायक से मांग की है कि 1.5 किलोमीटर लंबे इस मार्ग को मुख्यमंत्री खेत सड़क योजना (मनरेगा) अथवा ग्रामीण विकास विभाग की किसी उपयुक्त योजना में शामिल कर पक्का सड़क निर्माण कराया जाए।

आवेदन के साथ सड़क की वर्तमान स्थिति के फोटो तथा प्रभावित ग्रामीणों एवं किसानों के हस्ताक्षर भी संलग्न किए गए हैं। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि मार्ग का निर्माण होने से क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

# उगली के शिक्षक दंपती हत्याकांड में पुलिस ने किया घोषित इनाम

## अज्ञात आरोपी की सूचना देने वाले को मिलेंगे 40 हजार रुपये

उगली/सिवनी। उगली थाना क्षेत्र में जुलाई माह में सामने आए शिक्षक दंपती की जघन्य हत्या के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों की तलाश और तेज कर दी है। मामले में पुलिस की ओर से अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी एवं पतासाजी के लिए घोषित इनाम की राशि बढ़ाकर 40 हजार रुपये कर दी गई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिवनी की तरफ से 10000 रुपये तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय, जबलपुर की तरफ से 30000 रुपये नकद घोषित किया गया है जोन से जारी दस्तावेज सामने आए हैं।

### पुलिस अधीक्षक कृष्ण लाल चंदानी सिवनी के द्वारा नगद 10000 और पुलिस महानिदेशक प्रमोद वर्मा जबलपुर के द्वारा 30000 नगद

पुलिस दस्तावेजों के अनुसार थाना उगली में अपराध क्रमांक 119/2026 दर्ज है। प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) एवं 238(बी) के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक 8 जुलाई 2026 से 10 जुलाई 2026 के बीच हुई घटना में शिक्षक दंपती की हत्या कर शवों को जला दिए जाने तथा साक्ष्य छिपाने का प्रयास किए जाने की बात सामने आई थी।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिवनी द्वारा 5 अगस्त 2026 को अज्ञात आरोपी की पतासाजी एवं गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की गई थी। इसके बावजूद अब तक पुलिस को आरोपियों के संबंध में कोई ठोस जानकारी या सुराग नहीं मिल सका है। इसके बाद मामले की गंभीरता और आरोपियों की गिरफ्तारी में आमजन की मदद लेने के उद्देश्य से इनाम की राशि बढ़ाकर 30 हजार रुपये कर दी गई है।



### सूचना देने वाले का नाम रखा जाएगा गोपनीय

पुलिस द्वारा जारी इनाम उद्घोषणा में स्पष्ट किया गया है कि जो भी व्यक्ति अज्ञात आरोपियों के संबंध में ऐसी महत्वपूर्ण एवं उपयोगी सूचना देगा, जिससे आरोपियों की गिरफ्तारी संभव हो सके, उसे घोषित पुरस्कार राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है, कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है, कि यदि किसी व्यक्ति को इस हत्याकांड से जुड़े अज्ञात आरोपियों के संबंध में कोई जानकारी मिलती है, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस कंट्रोल रूम सिवनी 07692-220955, थाना प्रभारी उगली दयाराम शरणागत मो. नं. 9479998043 पर संपर्क करें. पुलिस का कहना है, कि मामले में अज्ञात आरोपियों की तलाश लगातार जारी है, और प्राप्त होने वाली प्रत्येक महत्वपूर्ण सूचना की गंभीरता से जांच की जाएगी।

### जांच में आम लोगों से सहयोग की अपील

शिक्षक दंपती हत्याकांड ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी। घटना के बाद से ही पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी है। अब 40 हजार रुपये के इनाम की घोषणा के बाद पुलिस को उम्मीद है, कि घटना से जुड़ी कोई महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ सकती है,और लंबे समय से अज्ञात बने आरोपियों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। फिलहाल पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस जघन्य हत्याकांड में शामिल आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करना है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि घटना से जुड़ी छोटी से छोटी जानकारी भी सामने आए तो उसे पुलिस तक पहुंचाएं, ताकि मामले की गुत्थी सुलझाने में मदद मिल सके।

# पोषण जागरूकता के साथ स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सिवनी। स्वतंत्र मत।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस (शासकीय पीजी महाविद्यालय ) की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई ने 1 सितंबर से 7 सितंबर 2026 की अवधि में पोषण जन-जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत कॉलेज की युवा छात्राओं को पोषण के प्रति प्रेरित किया गया और स्वच्छता अभियान के तहत महाविद्यालय प्रांगण की साफ सफाई की साफ-सफाई हुई। प्रभारी प्राचार्य डॉ सविता मसीह तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो गनेश कुमार मंतारे के निर्देशन में आयोजित पोषण जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य बच्चों, गर्भवती महिलाओं स्तनपान कराने वाली माताओं और किशोरियों के बीच कुपोषण, अल्प पोषण और एनीमिया के स्तर को कम करना और सुधारना है. अफसाना अंजुम ने अपने वक्तव्य में बताया कि पोषक वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा शरीर भोजन और पोषक तत्वों को ग्रहण करके उनका उपयोग ऊर्जा वृद्धि और स्वस्थ जीवन के लिए करता है। महाविद्यालय में रासेयो इकाई ने स्वच्छता अभियान चलाया. रासेयो के सभी स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं ने पूरे प्रांगण में खरपतवार उखाड़ अनावश्यक घास- फूस साफ किया और बेहतरीन ढंग से लगे पौधों को सजा- सॅवार कर प्रांगण में स्थापित किया। कार्यक्रम में डॉ मानसिंह बघेल, डॉ जैन कुमार पंचेश्वर, डॉ सौरभ सोनी ,डॉ चुन्नीलाल अहिरवार , प्रो तरुण कावरे , ओमप्रकाश जैन सहित समस्त विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# इंदावाड़ी में नि :शुल्क स्वर्णप्राशन शिविर का आयोजन किया गया



**सिवनी। स्वतंत्र मत।** आयुष पद्धति का प्रचार प्रसार एवं जागरूकता लाने के लिए संचालनालय आयुष भोपाल मध्य प्रदेश एवं कलेक्टर महोदया जिला सिवनी के निर्देशन में एवं जिला आयुष अधिकारी सर के मार्गदर्शन में आज दिनांक 08/09/2026 को आयुष्मान आरोग्य मंदिर भोमा द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय इंदावाड़ी में निःशुल्क स्वर्णप्राशन शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें डॉ.निधि चौधरी द्वारा बच्चों की रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु एवं उनके मानसिक शारीरिक स्वास्थ्य बल वर्धन के लिए शाला में उपस्थित सभी बच्चों को स्वर्णप्राशन ड्रॉप्स पिलाई गई।शिविर में श्री विजय श्रीवास्ती (औ.संयोजक),श्रीमती अनीता पवार (औ.संयोजक),श्रीमती सरला राहंगडाले (म. आ.स्वा. काय.)एवं श्रीमती रामलता पंचेश्वर (दवासाज ) का सहयोग रहा। शिविर में कुल लाभार्थी बच्चों की संख्या 35 रही।

## निर्दोष छात्रों की मौत पर एनएसयूआई का कैंडल मार्च, न्याय की मांग बुलंद



**सिवनी। स्वतंत्र मत।** दिल्ली में जान गंवाने वाले निर्दोष छात्रों को श्रद्धांजलि एवं न्याय की मांग को लेकर आज एनएसयूआई द्वारा साउथ कैंपस, दिल्ली में कैंडल मार्च निकाला गया। इस कैंडल मार्च में एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ जी, मध्यप्रदेश एनएसयूआई अध्यक्ष आशुतोष चौकसे जी सहित बड़ी संख्या में हस्ट्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

इस दौरान सभी ने दिवंगत छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर निष्पक्ष जांच एवं कड़ी कार्रवाई की मांग की। एनएसयूआई ने स्पष्ट कहा कि छात्रों की सुरक्षा और न्याय से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। निर्दोष छात्रों के परिवारों को न्याय मिलने तक एनएसयूआई उनकी आवाज़ मजबूती से उठाती रहेगी।

# विकास मोर्चा संरक्षक बनी संगीता रंजीत वासनिक



**स्वतंत्र मत। बरघाट।** नगर बरघाट को विकास की मुख्य धारा से जोडना आमजनता अधिक से अधिक लाभ में और बरघाट नगर क्षेत्र विकास में आगे रहे को लेकर स्वर्गीय रंजीत वासनिक के नेतृत्व में विकास मोर्चा का गठन किया गया था जिसके बैनरतले नगर परिषद बरघाट अध्यक्ष चुनाव लडा गया था।

जिसमें अध्यक्ष प्रत्याशी रंजीत वासनिक दाऊ को जनता का भरपूर सहयोग आशीर्वाद मिला जिसके परिणामस्वरूप जनता ने भाजपा कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी को छोड़कर रंजीत वासनिक दाऊ को अध्यक्ष का चुनाव जिताया था जिनके कार्यकाल में बरघाट विकास की धारा से जुड़ा और देश प्रदेश में नगर को एक पहचान जुड़ी लेकिन भाजपा कांग्रेस को नगर का विकास देखा नहीं गया और रंजीत वासनिक दाऊ को गन्दी राजनीति के कारण छूटे आरोप लगाकर फंसाया गया।

लेकिन तब भी विकास मोर्चा पीछे नहीं हटा और फिर दूसरी बार नगर परिषद चुनाव में 15 वार्डो में पार्षद चुनाव हुए जिनके माध्यम से अध्यक्ष चुनाव होना था जिसके कारण विकास मोर्चा ने 13 वार्डो में अपने प्रत्याशी उतारे और 2 वार्डो में राजनीतिक रणनीति के तहत प्रत्याशी नहीं उतारे तब नगर की जनता ने रंजीत वासनिक दाऊ के नेतृत्व को स्वीकारा और 13 में से 7 पार्षद चुनाव जीते 6 प्रत्याशी बहुत कम अंतर से चुनाव हारे लेकिन बहुमत होने के बाद भी दो राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस भाजपा ने विकास मोर्चा के अध्यक्ष संगीता रंजीत वासनिक को अध्यक्ष बनने से रोकने के लिए शासन प्रशासन का उपयोग करके पुलिस प्रकरण दर्ज कर के अध्यक्ष चुनाव के पहले कार्यवाही की गई उसके बाद भी विकास मोर्चा के सभी पार्षद एक जुट रहे लेकिन विश्व का पहला राजनीति अजूबा कांग्रेस भाजपा पार्षद एक होकर भाजपा का अध्यक्ष बनाने में सफल हुए लेकिन ईश्वर के आगे सब नतमस्तक है जिसके कारण रंजीत वासनिक दाऊ का अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने से उनका 15 अगस्त 24 को दुखत निधनं हो गया फिर विकास मोर्चा साथी एक माला में बने रहें फिर से नगर परिषद बरघाट चुनाव का समीप आना उसके पहले भाजपा पार्षद ज्ञानसिंह चौधरी का निधन हो गया जिससे रिक्त हुई सीट पर उपचुनाव की घोषणा हुई।

जिसको लेकर सभी दल पुनः सक्रिय हो गए उसी को ध्यान रखते हुए विकास मोर्चा बरघाट की विगत दिनों बैठक आयोजित की जिसमें अनेकों विषय चर्चा हुई जिसके साथ ही विकास मोर्चा बरघाट के संरक्षक पद पर रंजीत वासनिक दाऊ की धर्मपत्नी श्रीमती संगीता रंजीत वासनिक को बनाया गया और आगामी उपचुनाव उन्हीं के नेतृत्व में लड़ने पर एकजुट दिखाई गई जिसके बाद श्रीमती संगीता वासनिक ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया आगामी चुनाव में एक जुट होकर अभी से मैदान में सक्रिय होने को कहा जिससे परिणाम सुखद आए।

# शासकीय हाई स्कूल ग्वारी में व्यवस्थाएं बेपटरी, प्राचार्य समलसिंह कुमरे की मनमानी से ग्रामीण और छात्र परेशान

### उच्च अधिकारियों से शिकायत की तैयारी

**धनौरा।**-विकास खंड धनौरा के अंतर्गत आने वाले शासकीय हाई स्कूल ग्वारी में इन दिनों शैक्षणिक माहौल पूरी तरह गरमाया हुआ है। स्कूल के प्राचार्य समलसिंह कुमरे पर संस्था के संचालन में गंभीर लापरवाही और अपनी मनमानी चलाने के आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों, पालकों और छात्रों में प्राचार्य की कार्यप्रणाली को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है।सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार, शासकीय हाई स्कूल ग्वारी में लंबे समय से प्रशासनिक और शैक्षणिक अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है। स्थानीय स्तर पर मिल रही शिकायतों के मुताबिक प्राचार्य पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि समय पर स्कूल न आना और स्कूल के खुलने और बंद होने के निर्धारित समय का पालन न करना और अपनी मर्जी से संस्था का संचालन करना। शिक्षकों व स्टाफ से अभद्र व्यवहार और स्कूल स्टाफ और बच्चों के पालकों की जायज बातों को नजरअंदाज करना और उनके साथ तानाशाही रवैया अपनाना। शासकीय योजनाओं में उदासीनता एवं बच्चों को मिलने वाली शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं छात्रवृत्ति, खेलकूद के क्रियान्वयन में रुचि न लेना।



### शैक्षणिक स्तर में गिरावट

प्राचार्य समल सिंह कुमरे की इसी लचर कार्यप्रणाली के कारण स्कूल के शैक्षणिक स्तर पर भी विपरीत असर पड़ रहा है, जिससे बच्चों का भविष्य अधर में है।

### ग्रामीणों और पालकों में आक्रोश

ग्राम ग्वारी के पालकों का कहना है कि उन्होंने कई बार प्राचार्य समलसिंह कुमरे को व्यवस्थाओं में सुधार लाने का आग्रह किया, लेकिन उनके व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। ग्रामीणों का आरोप है कि शासकीय पद का दुरुपयोग करते हुए प्राचार्य अपनी मनमर्जी से स्कूल चला रहे हैं, जिससे तंग आकर अब ग्रामीण लामबंद हो रहे हैं।